JALAUN POLICE

दिनांक – 04.06.2026

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में थाना आटा पुलिस एवं स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा दिल्ली पुलिस की मदद से अपहरण की घटना में अपहृत को सकुशल बरामद कर घटना में संलिप्त 05 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त कार व अपहृत की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 02.06.2026 को वादिया द्वारा अपने पति रोहित का अपहरण हो जाने के सम्बन्ध में थाना आटा पर मु0अ0सं0- 93/2026 धारा 140(1) बीएनएस बनाम 01.रविन्द्र पुत्र अज्ञात 02. गुल्टू पुत्र अज्ञात निवासीगण रमपुरा थाना डकोर जनपद जालौन 03.अजय पुत्र अज्ञात नि0 अटकुआ थाना चरखारी जनपद महोबा 04. 3-4 व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत कराया गया था।

घटना की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा 03 टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन (इलेक्ट्रानिक सर्विलांस, धरातलीय साक्ष्य) की कार्यवाही की जा रही थी। जिसके क्रम में अपहृत व आरोपियों की लोकेशन के आधार पर गाजियाबाद व दिल्ली दबिश हेतु टीम को रवाना किया गया था। दिल्ली पुलिस की मदद से अपहृत रोहित पुत्र महेन्द्रपाल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम बारा थाना आटा जनपद जालौन को सकुशल बरामद कर अभि0 अजय पुत्र जयप्रकाश उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम अटकुआँ थाना चरखारी जनपद महोबा हाल निवासी फ्लेट नं0 MB79 तीसरी मंजिल लक्ष्मीनगर थाना प्रीत बिहार दिल्ली व शंकर कुमार पुत्र महेश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी 312 सेक्टर 1 प्रथम तल वैशाली थाना कौशाम्बी जनपद गाजियाबाद को घटना में प्रयुक्त कार के साथ गिरफ्तार कर थाना आटा लाया गया।

अपहृत व अभियुक्तों द्वारा बताये गये घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश/गिरफ्तारी हेतु टीमें रवाना की गयी थीं। जिसके क्रम में दिनांक 04.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना आटा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1-सुनील पुत्र छोटेलाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम स्वासी खुर्द थाना ललपुरा जनपद हमीरपुर 2- रिजवान पुत्र सलीम कुरैशी उम्र 19 वर्ष निवासी मो0 सदनपुर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन 3- दीपक पुत्र राजेश उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बारा थाना आटा जनपद जालौन को अपहृत रोहित की मोटर साईकिल बिना नम्बर के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण-

अपहृत रोहित ने बताया कि पैसो के लेन देन को लेकर अजय व शंकर व रविन्द्र ने दिनाँक 02.06.2026 को करीब 3.30 बजे मुझको कुसमरा रोड से गाडी मे डालकर मेरा अपहरण कर लिया था इनके साथ मोटर साईकिल से इनके रिश्तेदार सुनील पुत्र छोटेलाल निवासी स्वासा खुर्द थाना ललपुरा जनपद हमीरपुर व रिजवान पुत्र सलीम निवासी सदनपुरी थाना कोतवाली उरई भी थे इन सब लोगो को मै पहले से पहचानता हूँ।

अभियुक्तगण का विवरण-

1. अजय पुत्र जयप्रकाश उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम अटकुआँ थाना चरखारी जनपद महोबा हाल निवासी फ्लेट नं0 MB79 तीसरी मंजिल लक्ष्मीनगर थाना प्रीत बिहार दिल्ली

2. शंकर कुमार पुत्र महेश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी 312 सेक्टर 1 प्रथम तल वैशाली थाना कौशाम्बी जनपद गाजियाबाद
3. सुनील पुत्र छोटेलाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम स्वासी खुर्द थाना ललपुरा जनपद हमीरपुर
4. रिजवान पुत्र सलीम कुरैशी उम्र 19 वर्ष निवासी मो0 सदनपुर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन
5. दीपक पुत्र राजेश उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बारा थाना आटा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद कार रजि0 नं0 UP14ST1864 डिजायर
2. 01 अदद मोटर साइकिल बिना नम्बर की (अपहृत की)

टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष आटा मय टीम।
2. स्वाट/सर्विलांस टीम।